
तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 उदंती सीतानदी का एकमात्र वन भैंसा छोटू बनेगा मध्य...



12 श्रद्धा, सेवा और एकता का दिया संदेश






बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयां केवल समय और पैसे की बर्बादी है,
जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपेनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हजारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343




shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### मेघा में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम मेघा में ग्रामवासियों के सहयोग से 4 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी खोकसा भंवरपुर महासमुंद का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संतोष सोनी, राकेश निषाद ने दी है।

### चंदनबिरही मड़ई मेला 8 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में 8 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए शिवसागर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम लतमर्रा डोंगरगढ़ की प्रस्तुति होगी।

### मड़ेली में राम कथा 9 से

**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली में 9 से 11 जनवरी तक दिव्य रामकथा आयोजित है। कथावाचक मानस



केशरी प्रमोद शास्त्री बेमेतरा होंगे। प्रतिदिन 12 से 2 बजे तक रामायण का आयोजन होगा एवं संध्या 6 से 8 बजे तक जय तुलसी रामधुनी मंडली मड़ेली की प्रस्तुति होगी।

### सेमरा बी की मड़ई पर होगी लहरगंगा की प्रस्तुति

**सिर्री।** ग्राम सेमरा (भखारा) में विगत वर्षों की परंपरा को बनाए रखने ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 9 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पुरानिक साहू कृत लहरगंगा ग्राम अर्जुदा के सांस्कृतिक लोककला मंच की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मगरलोड में डीजे डांस 10 को

**मगरलोड।** मॉर्निंग क्रिकेट लवर्स मगरलोड भैंसमुंडी के तत्वावधान में नववर्ष के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 10 जनवरी शनिवार को रखी गई है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 31000 रूपये, द्वितीय 15000 रूपये, तृतीय 8000 रूपये, चतुर्थ 6000 रूपये, पंचम 5000 रूपये, छठवां 3000 रूपये, सातवां 2500 रूपये, आठवां 2000 रूपये, नौवां 1500 रूपये एवं दसवां पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। इसी प्रकार युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 6000 रूपये, द्वितीय 4000 रूपये, तृतीय 2500 रूपये, चतुर्थ 2000 रूपये एवं पांचवां पुरस्कार 1500 रूपये है। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4000 रूपये, द्वितीय 3000 रूपये, तृतीय 2000 रूपये, चतुर्थ 1500 रूपये एवं पांचवा पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क सामूहिक नृत्य में 500 रूपये, युगल नृत्य में 300 रूपये एवं एकल नृत्य में 200 रूपये रखा गया है। प्रतिभागी वेदप्रकाश निर्मलकर, ओंकार साहू से संपर्क कर सकते हैं।

बिना गलती की सजा भुगत रहे किसान, ठूंस-ठूंसकर भरना पड़ रहा धान

# फटे बारदानों में नहीं आ रहा 40 किग्रा धान

**केस 1**

चैनसिंग साहू गुरुवार को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए खरीदी केंद्र पहुंचा। आईआर 64 वेरायटी का धान सूखने के कारण एकदम हल्का हो गया था। उपर से राइस मिलर्स से मिले फटे हुए बारदानों को धान भरने के लिए दिया गया। इन बारदानों में 40 किग्रा धान नहीं आ रहा था। दिनभर वह बोरों में धान को लकड़ी से ठूंसता रहा तब शाम को तौलाई हुई।



**केस 2**

युवराज शर्मा शुक्रवार को धान बेचने के लिए गया था। उसने स्वर्णा धान बेचा। उसे भी 50 प्रतिशत बारदाना फटा पुराना दिया गया था जिसमें धान नहीं आ रहा था। ले देकर बारदानों में धान भरा गया, लेकिन सिलाई के लिए जगह नहीं बची। स्थिति को देखते हुए कांटा करने वालों ने पुराने बारदाने का कांटा करने से मना कर दिया। मजबूरी में किसान एक मजदूर लेकर गया और कांटा करने के बाद बोरों की सिलाई करवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धान खरीदी केंद्रों में किसानों को एक के बाद एक नई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्र में भी इन किसानों को खूब मेहनत करनी पड़ रही है। कहीं पर खुद बोरे सीलने पड़ रहे हैं तो कहीं पर धान को ठूंस-ठूंसकर भरना पड़ रहा है। इन समस्याओं के चलते उन्हें दिनभर खरीदी केंद्र में बिताना पड़ रहा है।

किसान गोविंद मरकाम, चैनू साहू ने बताया कि खरीदी केंद्रों में 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदाने दिए जा रहे हैं। नए बारदानों में जैसे-तैसे काम चल रहा है, लेकिन पुराने बारदाने काफी खराब हैं। राइस मिलर्स द्वारा रिजेक्टेड बारदानों को ▸▸ शेष पेज 11 पर

### किसानों की कट रही जेब

खरीदी केंद्रों में किसानों की जेब कट रही है। किसानों को खरीदी केंद्रों में धान को पहले बोरों से निकालकर पाला करना होता है। इसके बाद सरकारी बारदानों में भरना पड़ता है। समितियों में महिला मजदूर प्रति कट्टा 3 रुपए चार्ज लेकर धान भरती है। बोरों की साइज कम होने के कारण अब तो किसानों को अतिरिक्त मजदूर लगाना पड़ रहा है। इन कार्यों में किसानों की जेब कट रही है।

### साइज से नहीं रखे जा रहे बारदाने

किसान युवराज शर्मा, खेमराज ध्रुव ने बताया कि समितियों में जगह होने के कारण तौलाई के बाद भरे बारदानों को साइज से नहीं रखा जाता है। इससे किसानों को गिनने में समस्या आती है। कई बार तो समिति द्वारा गिनती के लगाए गए कर्मचारी इसमें गड़बड़ी कर बारदानों की संख्या कम बता देते हैं। किसान द्वारा गिनती नहीं कर पाने की स्थिति में उतने धान का ही भुगतान किया जाता है।

# युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला, गंभीर





- सिहावा चौक के पास बाइक के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाइक के लेनदेन की पुरानी बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात्रि स्थानीय सुंदरगंज वार्ड सिहावा चौक निवासी मनीष सिन्हा पिता परसराम उम्र 23 वर्ष, विकास मानिकपुरी व रोहन ठाकुर घूमने के लिए निकले थे। तीनों युवक सिहावा चौक के पास स्थित हिन्दू अनाथालय में बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले का साहिल खत्री भी वहां पहुंच गया। तीनों को बैठे देख साहिल भी उन्हीं के पास बैठकर बातचीत करने लगा। इसी दौरान मनीष किसी पुराने पैसे के लेनदेन को लेकर साहिल से कहा कि मेरे भाई अजय सिन्हा ने तेरी बाइक खरीदी थी जिसका पूरा पैसा अजय ने उससे लेकर दे दिया था। कुछ दिन बाद उक्त बाइक आरएक्स 100 बाइक को मांग ले गया जिसे वापस नहीं किया। इतना कहने के बाद साहिल खत्री गुस्से में आकर अपने पास रखे धारदार चाकू से हत्या करने की नीयत से मनीष के पेट व पीठ में ताबड़तोड़ वार कर दिया। पेट में घुसे चाकू से मनीष की अंतड़ी बाहर निकल गई। वहीं पीठ में पसली के पास चाकू लगने से मनीष लहूलुहान हो गया। चाकू मारने के बाद साहिल वहां से भाग गया। इस दौरान बीचबचाव कर रहे विकास के हाथ के पंजे में चोट लगी है। विकास ने पड़ोसी जगीरा से अपनी मोटरसाइकिल को मंगवाकर घायल मनीष को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर सीएसपी व कोतवाली प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल व जिला अस्पताल पहुंच गये। अस्पताल में घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे उपचार के लिए हायर सेन्टर रायपुर रिफर कर दिया। घटना के समय मौके पर मौजूद विकास के बताए जाने पर घायल के भाई अजय सिन्हा ने सिटी कोतवाली पहुंच शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी साहिल खत्री पिता इकबाल खत्री उम्र 20 वर्ष सिहावा चौक निवासी के खिलाफ धारा 103(1) के तहत अपराध दर्जकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।


पंद्रह दिन में आठ हजार रूपये प्रतिटन की वृद्धि

# रोज बढ़ रहे सरिया के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सरिया के दाम में अप्रत्याशित उछाल आया है। महज 15 दिन में इसके दाम 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं जबकि सीमेंट के दाम यथावत हैं। बताया जा रहा है कि राजस्व आय बढ़ाने के चक्कर में शासन सरिया के दाम से नियंत्रण हटा लिया है।

शहर के सरिया विक्रेताओं से मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पहले सरिया की कीमत 4700 रूपये प्रति क्विंटल थी। शुक्रवार की स्थिति में अब इसके दाम 5500 रुपए क्विंटल हो गए हैं। सरिया विक्रेता अमृत साहू बताते हैं कि सरिया के दाम हर रोज बढ़ रहे हैं। लगभग हर रोज 500 रुपए टन वृद्धि होने से 15 दिन में 8000 रुपए प्रति टन इसके भाव बढ़ गए हैं। उन्होंने बताया कि हालत ऐसी है कि बाजार खुलने से पहले ही मैसेज आ जाता है कि आज सरिया के दाम इतने रूपए बढ़ गए हैं। इससे ग्राहकों में नाराजगी देखी जा रही है। जबकि सीमेंट के दाम यथावत 260 रुपये बोरी हैं।



### आवास निर्माण हुआ महंगा

पीएम आवास योजना के तहत जिले में हजारों मकान तैयार हो रहे हैं। अचानक सरिया के दाम में उछाल आने से आवास निर्माण का बजट बढ़ गया है। आवास निर्माण में जुटे श्रीमती दुर्गा साहेब, हेमंत साहू बताते हैं कि स्लेब ढलाई के लिए उन्हें छड़ खरीदना है। पहले 47-48 सौ रूपये में छड़ खरीदा था। अब 55 रुपये हो गया है। शासन से आवास की किस्त नहीं मिली है। कर्ज लेकर मकान बना रहे हैं। अचानक भाव बढ़ने से उनके आवास निर्माण का बजट बढ़ गया है। हालात यही रहे तो उन्हें आवास निर्माण का काम रोकना पड़ेगा।

# सिर्री पुल हत्याकांड के आरोपी को आजीवन कारावास

- न्यायालय ने सुनाया फैसला, उत्कृष्ट विवेचना के लिए तत्कालीन चौकी प्रभारी निरीक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद थाना अंतर्गत बिरेझर पुलिस चौकी में सिर्री पुल हत्याकांड में आरोपी के दोषसिद्ध पाये जाने पर वैज्ञानिक एवं प्रभावी विवेचना के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास तथा 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

वहीं उत्कृष्ट विवेचना के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्कालीन चौकी प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत साहू को सेवा पुस्तिका में प्रशंसा अंक एवं 500 रुपए नगद प्रदान कर सम्मानित किया गया है।


आरोपी

ज्ञात हो कि बीते वर्ष 9 अक्टूबर को ग्राम सिर्री रोड स्थित बड़ी नहर में एक अज्ञात शव मिला, जिसकी सूचना पर चौकी बिरेझर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच में शव की पहचान ग्राम कंडेल निवासी किशोर साहू पिता चंद्रहास साहू उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं घटनास्थल निरीक्षण के दौरान मृतक के दोनों हाथ पीछे से व दोनों पैर बंधे पाए जाने पर हत्या की पुष्टि हुई, जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### आरोपी की निशानदेही पर जुटाया गया साक्ष्य


जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि मृतक को अंतिम बार ग्राम गागरा निवासी मुकेश साहू पिता कुशलराम साहू उम्र 27 वर्ष के साथ देखा गया था। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि शराब सेवन के दौरान वह मृतक को नहर किनारे लेकर गया, जहां उसके हाथ-पैर बांधकर पानी में डुबोकर हत्या कर दी तथा साक्ष्य छिपाने मोबाइल फोन, नंबर प्लेट एवं अन्य सामग्री नहर में फेंक दी। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई।

### कड़ी सजा दिलाने पुलिस ने तैयार किया मजबूत केस

प्रकरण में अपराध क्रमांक 416/24 धारा 103(1) एवं 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में कोई भी प्रत्यक्षदर्शी गवाह नहीं था। इसके बावजूद धमतरी पुलिस द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य संकलन, घटनास्थल निरीक्षण, परिस्थितिजन्य तथ्यों का विश्लेषण एवं तकनीकी सहायता के आधार पर मजबूत केस तैयार किया गया। परिणामस्वरूप आरोपी को पूरे विचारण उपरांत माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय धमतरी द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास, 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। आरोपी मुकेश साहू को दोषसिद्ध कराते हुए न्यायालय द्वारा कठोर सजा दिलाई गई जो धमतरी पुलिस की दक्षता एवं प्रभावी विवेचना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

बनबगौद के आश्रित ग्राम सिरौदकला में जल जीवन मिशन फेल

# एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल/धमतरी

सिरौदकला में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी उपयोग से पहले ही जर्जर हो गई है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पंप हाउस की हालत भी काफी खराब है। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए टंकी सहित अन्य स्ट्रक्चर को दूसरी जगह पर नए सिरे से बनाने मांग की है।

उपतहसील कुकरेल के पास स्थित ग्राम पंचायत बनबगौद के आश्रित ग्राम सिरौदकला में हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के उद्देश्य से जल जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी और पंप हाउस का निर्माण किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना वर्ष 2022-23 में ये स्ट्रक्चर बनाए गए है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सिरौद कला की जनसंख्या महज 50 है। यहां 57 लाख 71 हजार रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया है, जिसमें अब दरार पड़ गई है। ठेकेदार द्वारा दरार में सीमेंट भरने का प्रयास जरूर किया गया है, लेकिन ग्रामीण इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पानी टंकी की सीढ़ियां तथा पानी टंकी कभी भी भरभराकर गिर सकती है और जनधन की हानि हो सकती है। उन्होंने बताया कि बोर में खराब और गुणवत्ताहीन मोटर डाला गया है, जो महज 6 माह चलने के बाद खराब हो गया। तीन बार मरम्मत करने के बाद इस मोटर को फिर से डाला गया। 3 दिन बाद फिर से खराब हो गया, जिसके कारण पेयजल की समस्या निरंतर बनी हुई है। ग्राम पंचायत बनबगौद की सरपंच श्रीमती नोमेश्वरी, वार्ड पंच श्याम बाई ध्रुव, घनाराम ध्रुव, सुंदर ध्रुव, जनकलाल चंद्रवंशी, गोपाल सिन्हा, जयराम ध्रुव, लालजी सिन्हा, सेवाराम सिन्हा, सोहन, मेघनाथ, हरिश्चंद्र आदि ने शासन-प्रशासन से दूसरी जगह पानी टंकी निर्माण कर पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है।

### मरम्मत के लिए ठेकेदार को बोला गया

पानी टंकी में दरार की जानकारी मिली तो ठेकेदार को साथ लेकर निरीक्षण किया गया। जहां पर समस्या है, वहां पर मरम्मत करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। जिन जगहों पर समस्या है, जल्द ही उसे सुधार लिया जाएगा।

*- एसके ठाकुर, एसडीओ पीएचई नगरी*

# कम्प्यूटर ऑपरेटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



- जपं कुरुद की पेंशन शाखा में था पदस्थ

जनपद पंचायत कुरुद की पेंशन शाखा में पदस्थ एक कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा फांसी लगाकर खुदखुशी कर लेने से हड़कंप मच गया है। उक्त कर्मचारी ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी अनुसार कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम बकली निवासी वीरेंद्र कुमार साहू पिता शिवराम उम्र 40 वर्ष ने शुक्रवार की दोपहर अपने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक जनपद पंचायत कुरुद में समाज कल्याण विभाग की पेंशन शाखा में बतौर कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यरत था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को भी वह रोज की तरह सुबह नहा धोकर पूजा पाठ करने के बाद ड्यूटी जाने की तैयारी में था लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि वह ड्यूटी न जाकर फांसी के फंदे पर झूल गया।

जनपद कर्मचारियों के अनुसार मृतक मिलनसार व्यक्तित्व का था। जनपद पहुंचने वाले फरियादियों के अलावा सभी से मधुर व्यवहार रखते थे। उन्होंने कभी किसी से काम के दबाव में रहने या कोई पारिवारिक कलह होने का जिक्र नहीं किया था। उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया, सबको बड़ी सोच में डाल दिया है। यह खबर सुनकर सभी गहरे शोक में हैं। कुरुद पुलिस ने मर्ग कायम, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### चर्रा में भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

**कुरुद।** ग्राम चर्रा में कैलाशपुर (भाठापारा) मोहल्ला एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 9 जनवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पं. ऋषिकेश तिवारी भेंडरी (पांडुका) ने शनिवार को हिरण्यक्षस वध, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व जड़ भरत चरित्र की संगीतमय कथा सुनाई।



### भैंसमुंडी में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा जारी

**मगरलोड।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नगर पंचायत मगरलोड के बाजार चौक भैंसमुडी में चार दिवसीय 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा एवं योग ध्यान का आयोजन 2 से 5 जनवरी तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विमल ध्रुव, संरक्षक घनश्याम साहू, सलाहकार गोविन्द साहू, लेड़गा राम ध्रुव, रोहित साहू, उपाध्यक्ष तीरथ साहू, घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष सुकदेव साहू, सचिव विक्रम कोसरिया ने किया।

### अमलीडीह में आज लहरगंगा

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में युवा मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आज 4 जनवरी रविवार को रात्रि 9 बजे से दूरदर्शन कलाकारों की प्रस्तुति लहर गंगा की प्रस्तुति होगी। तैयारी में अध्यक्ष रोहित साहू, कैलाश साहू, शांत साहू, गुनेश्वर साहू, भुनुराम साहू जुटे हुए हैं।

## निधन

### श्रीमती अमृतदेवी सिन्हा

**धमतरी।** ग्राम बोरसी निवासी श्रीमती अमृतदेवी सिन्हा का 3 जनवरी को निधन हो गया. शनिवार को उनके गृहग्राम में अंतिम संस्कार किया गया. वे सेवानिवृत्त शिक्षक भूषण लाल, दुजेन्द्र, राजेन्द्र व डॉ. कमल सिन्हा की माता तथा आशीष, डामेश्वर, गैंद लाल, अरविंद, युवराज, जितेंद्र, दीपक, दीपकुमार व डोमेन्द्र सिन्हा की दादी थीं.



### कमलनारायण देवांगन

**कुरुद।** सांधा चौक कुरुद निवासी कमलनारायण देवांगन का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे बरातूराम के पुत्र, त्रिवेणी देवांगन के पति व डिकेश प्रकाश के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।



### प्रदीप साहू

**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा निवासी प्रदीप कुमार साहू उम्र 24 वर्ष का 1 जनवरी गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे रामलाल साहू के पोते व भीखम लाल साहू के पुत्र थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।



**न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
रा.मा.क्र. 202510130100014/अ-21 (1)/ वर्ष 2025-26
ग्राम-दर्री, प.ह.नं. 38

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम-दर्री, प.ह.नं. 38 तहसील व जिला धमतरी को सूचित किया जाता है कि ग्राम-दर्री, प.ह.नं. 38 में आवेदक/विक्रेता लतेलू राम पिता अवधराम, जाति-गोंड़ (आदिवासी) निवासी ग्राम खरेंगा कास्तकार ग्राम दर्री के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर ग्राम दर्री, प.ह.नं. 38, तहसील-धमतरी स्थित भूमि खसरा नंबर 258 रकबा 0.50 हे. में से रकबा 0.14 हे./35 डिसमिल भूमि को गैर आदिवासी अनावेदक/क्रेता कांति पति रविन्द्र जाति कुम्हार (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम खरेंगा तहसील व जिला धमतरी के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अन्तर्गत विक्रय अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो जांच हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण जो इस न्यायालय में विचाराधीन हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/01/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

### 4629.20 क्विंटल धान जाम, प्रबंधक समेत किसान परेशान

# सिंगपुर सोसाइटी में धान परिवहन की रफ्तार कम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी चल रही है। विकासखंड के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में धान का परिवहन नहीं होने से जाम हो गया है। सिंगपुर सोसाइटी में धान का उठाव धीमी गति से होने से फड़ में 24629.20 क्विंटल धान जाम है।

प्राधिकृत अधिकारी राधेलाल सिन्हा व समिति प्रबंधक कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि 15 नवंबर से 31 दिसंबर की स्थिति में 31149.20 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। मोटा धान 21657.20 , पतला 8428.80 और सरना धान 1063.20 क्विंटल है जिसमें से सिर्फ 6520 क्विंटल का ही उठाव हो पाया है। फड़ में अभी भी 24629.20 क्विटल धान जाम पड़ा हुआ है। इस सोसाइटी में 16 गांव आते है। 1105 किसान पंजीकृत हैं। 73 हजार क्विंटल का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 50 प्रतिशत से अधिक खरीदी हो चुकी है। 522 किसानों ने 73961030 रूपये का धान बेच चुका है। 16166015 रूपये ऋण माफी हो चुकी है। 57786487 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान हो गया है। केन्द्र में 61573 धान कट्टा जाम है। खरीदी को 22 दिन बचे हुए है। धान का परिवहन नहीं होने से खरीदी करना मुश्किल हो जाएगा। किसानों ने अति शीघ्र धान का परिवहन करने की मांग की है।

मोहेरा धान उपार्जन केन्द्र में 19327.60 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है जिसमें से सिर्फ 2160 क्विंटल का परिवहन हुआ है। फड़ में 17167.60 क्विंटल जाम है। कुल 763 किसानों में से 388 किसान 45875404 रूपये का धान बेच चुके हैं। किसानों से 9898595 रूपये ऋण की वसूली हो चुकी है। 34911789 रूपये किसानों को भुगतान हो चुका है। प्रतिदिन 850 क्विंटल खरीदी हो रही है। उपार्जन केंद्र को 46000 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य प्राप्त है। उपार्जन केंद्र में पतला धान 4176 क्विंटल , मोटा 11855.60 एवं सरना धान 1136 क्विंटल धान जाम है। धान का उठाव तेजी से नहीं होने से केंद्र प्रभारी हताश परेशान हैं। अभी भी 42919 धान कट्टा जाम है।

# सिर्री हाईस्कूल में गुरु-शिष्य महासम्मेलन आज

- स्मार्ट क्लास, स्मार्ट लैब का होगा लोकार्पण, सालों बाद पूर्व विद्यार्थियों का होगा पुनर्मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में हमर स्कूल हमर अभिमान के तहत गुरु शिष्य स्नेह महासम्मेलन 2026 का आयोजन आज 4 जनवरी को होगा। सुबह 9 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। शाला विकास समिति, पूर्व छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों सहित शिक्षकों के भरपूर सहयोग से आयोजन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। सन 1962 से लेकर सन 2025 तक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों का महासंगम देखने को मिलेगा। सैकड़ों पूर्व विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल होने अपना पंजीयन करवा चुके हैं। शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने स्मार्ट क्लास और लैब बनाई गई है जिसमें प्रोजेक्टर, वाईफाई, इंटरनेट, सहित आधुनिक तकनीकी की सुविधाएं और लैब का लाभ बच्चों को मिलेगा। लोकार्पण 4 जनवरी को ही पूर्व छात्र छात्राओं एवं गुरुजनों द्वारा किया जाएगा। इस गुरु शिष्य स्नेह सम्मेलन में किसान, व्यापारी, कर्मचारी, अधिकारी जैसे पदों में सेवा दे रहे लोग विभिन्न राज्यों और जिलों से भी शामिल होंगे। तैयारी को अंतिम गति देने 3 जनवरी शनिवार को सिर्री हाईस्कूल प्रांगण में मीटिंग रखी गई। मीटिंग में दर्जनों पूर्व छात्र और शाला विकास समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षक सहित स्टाफ, ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

#### स्कूल में स्थायी तौर पर भौतिक सुविधाएं हुई दुरुस्त

आयोजन को लेकर व्यवस्थित प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम और स्कूल का रंगरोगन, गार्डनिंग, स्वागत गेट, पौधरोपण, गार्डन चेयर, झूला आदि के साथ ही भौतिक सुविधाएं भी दुरुस्त की गई है।

#### सैकड़ों पूर्व विद्यार्थी और गुरुजन होंगे सम्मानित

इस दौरान हाईस्कूल के 63 साल के सभी बैच के सैकड़ों विद्यार्थी और गुरुजनों का पुनर्मिलन होगा। उन्हें अभिनंदन पत्र, मेडल, मोमेंटो, शॉल श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक बैच के एक पूर्व छात्र को अपने पढ़ाई सत्र की यादें ताजा करने का मौका दिया जायेगा। इस बीच स्कूल के फाउंडर्स को भी याद किया जाएगा।

#### भोजन, सुरक्षा, पार्किंग की रहेगी व्यवस्था

आयोजन की भव्यता को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था सिर्री के खेल मैदान, मंडी परिसर में रखी गई है। सुबह 9 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। भीड़ को काबू रखने सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया गया है। आयोजन में शामिल लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।



### सिवनीखुर्द में छेरछेरा पर्व मनाया गया

**कुरूद।** सिवानीखुर्द समेत अंचल में धूमधाम से छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व छेरछेरा मनाया गया। छेरछेरा पौष पूर्णिमा को सुबह से ही गांवों में बच्चों की टोलियां छेरिक छेरा छेरछेरा , माई कोठी के धान ला हेरहेरा की ध्वनि गूंजती रही। छेरछेरा पर्व धान की फसल कट जाने के बाद मनाए जाने वाले सामूहिक उत्सव है। इस दिन बच्चे घर- घर जाकर धान -चावल का दान मांगा।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने निभाई अन्नदान की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकपर्व छेरछेरा के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने बच्चों को धान एवं अन्य सामग्री दान कर अन्नदान की परंपरा का निर्वहन किया। छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ी संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें किसान और ग्रामीण अपनी मेहनत से उपजाए गए अन्न का एक हिस्सा समाज के जरूरतमंद वर्ग को दान करते हैं।

इस अवसर पर तारिणी चंद्राकर ने कहा कि छेरछेरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है। किसान वर्ष भर की मेहनत से प्राप्त फसल को श्रद्धा और सम्मान के साथ दान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि प्रकृति और परिश्रम से मिली समृद्धि को समाज के साथ साझा करना ही सच्चा धर्म है।

# अंचल में रही लोक पर्व छेरछेरा की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

- सुबह से ही बच्चों एवं युवाओं की टोली छेरछेरा मांगने घर-घर पहुंची

अंवरी सहित अंचल के गांवों में धूमधाम से छेरछेरा पर्व मनाया गया। गांव में सुबह से बच्चों एवं युवाओं में भी त्योहार के प्रति उत्साह देखा गया। बच्चे व युवा छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा के गीत गाते हुए घर-घर जाकर सुबह से लेकर दोपहर मांगते रहे।

अंवरी निवासी थानेश्वर साहू ने बताया कि छेरछेरा पर्व मुख्य रूप से नई फसल के घर आने की खुशी, दान और सामाजिक समरसता के लिए मनाया जाता है, जो पौष पूर्णिमा को होता है। इस दिन बच्चे व युवा छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा कहते हुए घर-घर से धान और पैसे मांगते हैं, जिससे अमीर-गरीब का भेद मिटता है और अन्नपूर्णा व शाकंभरी देवी का आशीर्वाद मिलता है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों में उदारता के कई आयाम दिखाई देते हैं। यहां उत्पादित फसल को समाज के जरूरतमंद लोगों, कामगारों और पशु-पक्षियों के लिए देने की परम्परा रही है। छेरछेरा का दूसरा पहलू आध्यात्मिक भी है कि यह बड़े-छोटे के भेदभाव और अहंकार की भावना को समाप्त करता है।

मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, इसलिए अन्न का दान महत्वपूर्ण है। इसे मां शाकंभरी जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने पृथ्वी को अकाल से बचाया था। वहीं घर की महिलाएं धान, साग-भाजी या पैसे दान करती हैं। इस दिन पारंपरिक लोकगीत गाए जाते हैं और नृत्य भी किया जाता है। ईश्वर साहू चेतना साहू, डागेश्वर साहू, लक्ष्य , टिया, टिशा साहू ने घर-घर जाका छेरछेरा मांगा।



#### दान देने से होता है लाभ

ऐसी मान्यता है कि पौष माह की पूर्णिमा को सुबह स्नान, पूजा पाठ करके दान देने से सालभर घर में बरकत रहती है। अन्नपूर्णा माता व अन्न देवता की विशेष कृपा दृष्टि होती है। ग्रामीण इलाकों में गेहूं, चावल, दाल आदि अनाज को कोठी में रखा जाता था इसलिए माई कोटी के धान ला हेर हेरा आवाज लगाकर निवेदन किया जाता है कि हे माई, अपने घर की कोठी में रखे अनाज में से कुछ दान में दे दो, दान देने से अनाज में बढ़ोतरी होगी।

#### छेरछेरा पर्व पर खुले मन से धान का दान किया

ऐसी मान्यता है कि पौष पूर्णिमा पर अनाज का दान करने से राजा बलि के समान सुख-समृद्धि व यश की प्राप्ति होती है। यह अन्न दान का महापर्व है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। यह उत्सव कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। इस दौरान लोग घर-घर जाकर अन्न का दान मांगते हैं। वहीं गांव के युवक घर-घर जाकर डंडा नृत्य करते हैं।

### महासमुंद में हुई लोस स्तरीय प्रतियोगिता में 10 गोल्ड , 5 सिल्वर, 3 ब्रांज मेडल जीते

# सांसद खेल महोत्सव में विधानसभा कुरुद का बजा डंका

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)



युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। चतुर्थ चरण में लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता महासमुंद में आयोजित की गई जिसमें लोकसभा महासमुंद के कुल 8 विधानसभा कुरुद, धमतरी, राजिम, बिंद्रानवागांव, महासमुंद, खल्लारी, सरायपाली, बसना के लगभग 1600 चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। विधानसभा कुरुद के लगभग सभी चयनित खिलाडियों ने भाग लिया एवं अपने खेल प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं एकल खेल में 100मी दौड़, 400 मी दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, भाला फेंक, गेड़ी दौड़, बैडमिंटन में चयनित खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया।

इस महोत्सव में विधानसभा कुरुद को कुल 10 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल, 3 ब्रांज मेडल सह प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। 14 से 17 वर्ष बालक वर्ग के ऊंचीकूद में चोवा प्रथम, 18 से 20 वर्ष बालक 100 मी दौड़ में रामकरण प्रथम, ऊंची कूद में तुषार द्वितीय, 21 से 24 वर्ष बालक-100 मी दौड़ में शुभम प्रथम, 400 मी दौड़ में राहुल प्रथम, 14 से 17 वर्ष बालिका में 400 मी दौड़ लवन्या नेताम प्रथम, गोला फेंक श्रीप्रिया ध्रुव प्रथम, 18 से 20 वर्ष बालिका वर्ग के गोला फेंक में नीलम तारक तृतीय, बैडमिंटन डागेश्वरी निषाद द्वितीय, 21 से 24 वर्ष बालिका-400 मी दौड़ गीतेश्वरी तृतीय, गोला फेंक रितिका प्रथम, भाला फेंक में रितिका प्रथम, लम्बी कूद में रितिका द्वितीय, 14 से 19 वर्ष बालक कबड्डी में ग्राम सिर्री प्रथम, 14 से 19 वर्ष बालिका वॉलीबॉल तृतीय ग्राम कठौली, 19 से 24 वर्ष बालिका वॉलीबॉल में द्वितीय कठौली, 14 से 19 वर्ष बालक वॉलीबॉल में ग्राम जोरातराई ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विधानसभा कुरुद का प्रचम लहराया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। खेलकर वापस आई टीम का स्वागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीके साहू द्वारा किया गया। यह जानकारी कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरुद ने दी।

## अंचल की खबरें

### छेरछेरा मांगने घर-घर पहुंचे बच्चे



**कुरुद।** छेरछेरा पर्व के अवसर पर बच्चे टोलियों में घर-घर जाकर छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा का जयघोष करते नजर आए। यह छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोक पर्व है, जो पौष मास की पूर्णिमा को नई फसल के आने की खुशी में मनाया जाता है। शनिवार को सुबह से ही बच्चे व विभिन्न मण्डली बाजे-गाजे के साथ निकले। बच्चों न अपनी झोली में धान, चावल या भेंट मांगा। नगरवासियों ने दान देकर सामाजिक समरसता और उदारता का संदेश दिया।

### नपा उपाध्यक्ष देवव्रत ने किया अन्नदान



**कुरुद।** शनिवार को पूरे अंचल में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक अन्नदान का महापर्व छेरछेरा हर्षोल्लास से मनाया गया। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने घर में दान मांगने पहुंची बच्चों की टोली को अन्नदान कर पर्व की रस्म अदा की। इसी क्रम में नगर पालिका कुरुद के उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने अपने घर में अन्नदान मांगने पहुंचे बच्चों को अन्नदान कर शुभाशीष दिया।

### न्योता भोज में छात्रों ने खाया गाजर का हलवा और पूड़ी



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरोज साहू के पुत्र के जन्मदिन पर 1 जनवरी को रखा गया था। गाजर का हलवा और पूड़ी बच्चों को परोसा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरोज साहू, प्रधानपाठक तृप्ति रानी मांडवी, सूर्यकांत उइके, कीर्ति बारले, बालमुकुंद साहू उपस्थित थे।

### खेल महोत्सव का प्रमाण-पत्र वितरित



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में सांसद खेल महोत्सव के प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। पचपेड़ी संकुल में आयोजित बालिका खो-खो वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की बालिका टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया था। इस उपलब्धि पर प्राचार्य एमआर मनहर एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू ने हर्ष जताया है।

### जरवायडीह में हुआ न्योता भोज



**जीजामगांव।** नए साल के अवसर पर ग्राम पंचायत जरवायडीह की सरपंच श्रीमती ढलेश्वरी चंदू पाल द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जरवायडीह में न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाई गई।

### रामपुर स्कूल में गणतंत्र दिवस की तैयारी



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी परेड प्रदर्शन किया जाना है। व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू एवं प्राचार्य एमआर मनहर के मार्गदर्शन में मार्च पास्ट, परेड प्रदर्शन, मास पीटी ड्रिल की तैयारी करवाई जा रही है। परेड के लिए चार प्लाटून बनाए गए हैं जिसके लिए प्लाटून कमांडर, मुख्य कमांडर बनाया गया हैं।

### चंदनबिरही में मानसगान सम्मेलन 10 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया गया है। सम्मेलन का शुभारंभ 10 जनवरी को प्रातः 9 बजे जनपद सदस्य परमिला साहू, सरपंच गोकुलराम ठाकुर, शैलेन्द्र सार्वा, भगवानी साहू, राजेश साहू, रूक्मणि साहू, भीमसेन साहू, महेश सोनबेर, मोहन साहू करेंगे। समापन 11 जनवरी को होगा। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा होंगी। जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू अध्यक्षता करेंगी। विशेष अतिथि कमलनारायण, श्रीमती मीना साहू पूर्व जिपं सदस्य, घनश्याम सोनवानी, सुरेन्द्र तिवारी, सुनील बरडिया, जसवंत महाराज, कोमलचंद बोहरा, मानिकचंद, अजय किरी, अमृत सुंदरानी, लेखक चतुर्वेदी होंगे। तैयारी में आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमप्रकाश गंजीर, उपाध्यक्ष हरखराम साहू, सचिव शंकर साहू, सहसचिव दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष मोतीलाल साहू, संरक्षक पीताम्बर साहू, उपकोषाध्यक्ष भीमसेन ध्रुव, पुनीतराम साहू, रामूराम साहू, रामस्वरूप साहू जुटे हैं।

## खबर संक्षेप



### बीएलओ व सुपरवाइजरों का दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 कांकेर के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा कीअध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि नाम जोड़ने के लिए लगभग 1920 आवेदन फॉर्म प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए पर्याप्त संख्या में निर्धारित प्रारूप का वितरण बीएलओ को कर दिया गया है। प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारी, बीएलओ एवं सुपरवाइज़र्स उपस्थित थे।

### विधायक ने धान केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कोदापाखा का आकस्मिक निरीक्षण भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने किया। किसानों ने तौल में देरी, बैठने की समुचित व्यवस्था न होने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी की शिकायत की, जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक के इस औचक निरीक्षण से अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा, वहीं किसानों ने राहत महसूस करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि दिए गए निर्देशों के बाद धान खरीदी व्यवस्था और अधिक सुचारु होगी।

### बांगाबारी में कल होगा देव मेला

**बासनवाही।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बांगाबारी में आगामी 5 जनवरी सोमवार को परंपरागत देव मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्सव का माहौल रहेगा। देव मेले के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें मया के सुरता छत्तीसगढ़ी लड़की नाचा पार्टी खुड़मुड़ी महासमुंद का रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। संतराम नेताम एवं रसुराम नेताम ने बताया कि देव मेला हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

### बेकाबू बाइक आमाबेड़ा पुल से गिरी, एक श्रमिक की मौत

**कांकेर।** नए साल की शुरुआत जहां खुशियों और उम्मीदों से भरी होती है, वहीं अंतागढ़-आमाबेड़ा मुख्य मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। साप्ताहिक बाजार से लौट रहे तीन मजदूरों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी, जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## यूएसटीआर में होगा वनभैंसों का संरक्षण

# उदंती सीतानदी का एकमात्र वन भैंसा छोटू बनेगा मध्य भारत जीन पूल का विस्तारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिस तरह मध्यप्रदेश को बाघ और चीता, गुजरात को शेर तथा असम को गैंडों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। उसी तरह उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट को वनभैंसों के संरक्षण के लिए जाना जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने कवायद शुरु कर दी है। रिजर्व फारेस्ट में असम के तीन मादा भैंसों को लाया जाएगा। ज्ञात हो कि रिजर्व फारेस्ट में मात्र एक वन भैंसा जीवित है, जिसका नाम छोटू रखा गया है। छोटू अब मध्य भारत वनभैंसों के जीन पूल के संरक्षक बनेगा।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट टाइगर संरक्षण के लिए सिर्फ नाम का रह गया है, लेकिन यह खबर खास है। राष्ट्रीय पशु बाघ का न सही राज्यीय पशु वन भैंसों के संरक्षण के लिए वन विभाग ने कवायद शुरु कर दी है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि एक समय में वन भैंसे महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के जंगल में व्यापक रूप से पाए जाते थे, लेकिन अब पूरे मध्य भारत भूभाग में वनभैंसे की उपस्थिति वाला एकमात्र संरक्षित क्षेत्र उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट है।





### रिजर्व फारेस्ट में तीन मादा भैंसों का होगा आगमन

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने जंगली भैंसों की घटती आबादी को देखते हुए पशु चिकित्सकों की संयुक्त टीम की सहायता से वर्ष 2020 तथा 2023 में असम के मानस राष्ट्रीय उद्यान से पांच मादा एवं एक नर भैंस को बारनवापारा अभ्यारण में स्थानांतरित किया गया था। दो वर्षों में स्थानांतरित भैंसों की आबादी पांच बछड़ों के साथ 11 हो गई है। इसमें से तीन मादा वनभैंसों को सीतानदी उदंती के जंगल में लाने की योजना बनाई जा रही है।

### 45 दिनों के क्वारंटाईन में रखा जाएगा

असम से लाए गए वनभैंसो में अंतर्प्रजनन को रोकने और मध्य भारतीय जीन पूल के संरक्षण के लिए बार नवापारा से तीन मादा वन भैंसों को सीतानदी उदंती के जंगल में स्थानांतरित किया जाएगा। इस प्रकार चार वनभैंसों के छोटे दल को 45 दिनों के क्वारंटाईन में रखा जाएगा, फिर रेडियो कालर लगाने के बाद प्राकृतिक रहवास में छोड़ा जाएगा।

### 17 गांव के वनवासियों ने वनभैंसों के संरक्षण का लिया संकल्प

14 दिसंबर 2025 को यूएसटीआर प्रशासन ने उदंती कोर के 17 गांवों के 57 प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जिसमें अर्जुन नायक पूर्व सरपंच, रूपसिंह मरकाम पूर्व सरपंच साहेबिन, बेनीपुरी गोस्वामी एनजीओ खोज, किरण नागेश, त्रिपुरा नेताम, बलमत सिंह, पुस्तम सिंह मांझी, नरहरि सोरी, भोलासिंह नेताम, फूलसिंह, कैलाश मरकाम, दीपक मंडावी, भानुप्रताप सिन्हा, बैजनाथ नेताम, कुमारी बरखा आदि ने यूएसटीआर में वनभैंसों की आबादी को संरक्षित करने और बढ़ाने में सहमति दी है।

## जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ





धमतरी। जिला सत्र न्यायालय परिसर में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य में जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया।

## जैतपुरी में दिखी लोक संस्कृति की अनुपम झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत जैतपुरी में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। स्थानीय शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकपर्व छेर-छेरा के अवसर पर लोकगीतों के साथ नृत्य करते हुए गांव के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते हुए छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति दी, जिससे पूरे गांव का वातावरण उल्लास और सांस्कृतिक चेतना से भर उठा।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानपाठक सहारे, शिक्षक महेश मरकाम, तुलेश्वर कश्यप, मुकेश गंजीर, ठाकुर मेडम सहित सरपंच डोमार सिंह नेताम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस सांस्कृतिक पहल से न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं को जीवंत रखने का सार्थक संदेश भी समाज को मिला।

### मोहलाई में मड़ई 9 जनवरी को

**कुकरेल/धमतरी।** ग्राम मोहलाई में ग्रामवासियों एवं ग्रामीण विकास समिति के सहयोग से 9 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए कंडिल वाला कोतवाल ग्राम छछानपहरी मासूलकसा का नाचा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के संरक्षक योगेश्वर ध्रुव, अध्यक्ष जिलेराम परते, सचिव मन्नू निर्मलकर, मुकेश मंडावी, रामकृष्ण, धनेश्वर, डोमार, हेमकुमार, राय सिंह सोरी, उत्तम कुमार मरकाम एवं टकेश्वर जुटे हैं। मंच संचालन परस कोर्राम तथा योगेश्वर ध्रुव करेंगे। यह जानकारी योगेश्वर ध्रुव ने दी।

## बाल मेला से छात्रों में स्वावलंबन का गुण आया

- परखंदा स्कूल में बाल मेला हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा में वर्ष 2026 के प्रथम दिवस बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का अद्भुत मिश्रण आनंद उत्सव धूमधाम से मनाया गया। एक ओर जहां विद्यार्थियों के लजीज पकवान ने जन समुदाय को स्वाद से भर दिया तो दूसरी ओर लोकप्रयाग राजिम नयापारा के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति में जन सैलाब को झकझोर कर रख दिया।

बाल मेला से कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों में स्वावलंबन का गुण जागृत हुआ एवं न केवल टीम भावना का विकास हुआ अपितु आत्मविश्वास भी देखते ही बना। भीड़ ने ऐसा उत्साहवर्धन किया कि दोपहर 12 बजे से प्रारंभ मेला के शाम होते-होते सारे पकवान समाप्त हो गए, जो बाल मेले की सफलता का सबसे बड़ा मापदंड रहा। दूसरी ओर संस्था के बड़े बाबू राजेश साहू कृत लोक प्रयांग राजम नवापारा के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विभिन्न पर्वों का संगीतमय निरूपण आकर्षक एवं प्रेरणाप्रद रहा। उन्होंने न केवल शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया अपितु समाज में व्याप्त नशे के दुष्परिणामों को दिखाकर जनमानस कीआंखों में आंसू ला दिया। इस कार्यक्रम में सरपंच माधुरी साहू, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष तारा साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कुलेश्वर सिन्हा, प्राचार्य रवीद्र साहू, पूर्व प्राचार्य हीराराम साहू, ग्राम पंचायत सचिव लुकेश साहू, व्याख्याता कुमार सेन, प्रवीण साहू, सूरज डहरे सहित बड़ी संख्या में नवसृजन युवा एकता समिति के सदस्य, शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ढाई सौ से बढ़कर पांच सौ सीटर बनेगा नालंदा परिसर




- सीएम ने दिया धमतरी को नववर्ष का तोहफा, युवाओं के लिए बनेगा आधुनिक अध्ययन केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम क्षेत्र के हटकेश्वर वार्ड में प्रस्तावित नालंदा परिसर लाइब्रेरी अब पहले से दोगुनी क्षमता के साथ आकार लेगी। पूर्व में स्वीकृत 250 सीटर लाइब्रेरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नव वर्ष के अवसर पर बढ़ाकर 500 सीटर करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शहर के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी सौगात के रूप में देखा जा रहा है।

नालंदा परिसर का निर्माण करीब 11 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। महापौर रामू रोहरा के प्रयास से यह प्रस्ताव शासन स्तर तक पहुंचा, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति प्रदान की। महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से राज्य में सुशासन की सरकार चल रही है और धमतरी के विकास के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

नालंदा परिसर को केवल लाइब्रेरी नहीं, बल्कि एक आधुनिक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां विद्यार्थियों के लिए शांत एवं विशाल रीडिंग हॉल, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों का समृद्ध संग्रह, कंप्यूटर सेक्शन, डिजिटल लर्निंग के लिए वेबसाइट व इंटरनेट सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही बैठक कक्ष, चेंजिंग रूम, पर्याप्त लाइट और पंखे, एयर कंडीशनिंग व्यवस्था, आकर्षक इंटीरियर कलर थीम, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ बाथरूम और सेप्टिक सिस्टम जैसी सुविधाएं भी होंगी। 500 सीटर नालंदा परिसर के निर्माण से धमतरी को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। यह परिसर आने वाले समय में युवाओं के अध्ययन, तैयारी और सफलता का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## जीजामगांव में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव

- 500 से अधिक बच्चों का सामूहिक विद्यारंभ तथा गर्भवती माताओं का हुआ पुंसवन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव





अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से ग्राम जीजामगांव में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव एवं युवा अभ्युदय 2026 का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और नव उमंग के साथ हुआ। इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के संस्कार सत्र में सर्वप्रथम गायत्री मंत्र दीक्षा संस्कार सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात 500 से अधिक नन्हे बच्चों का सामूहिक विद्यारम्भ संस्कार तथा गर्भवती माताओं का सामूहिक पुंसवन संस्कार संपन्न कराया गया। विद्यारम्भ संस्कार के महत्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि धनेश्वर निर्मलकर ने प्रकाश डाला। पुंसवन संस्कार की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने अपने विचार व्यक्त किए। पुंसवन संस्कार के वैज्ञानिक महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ. ऋचा साहू ने गर्भवती माताओं की दिनचर्या एवं सकारात्मक जीवनशैली पर मार्गदर्शन प्रदान किया।



कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में युवा अभ्युदय 2026 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मनीष कुमार सिंह ने युवाओं को व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासित दिनचर्या एवं ध्यान के महत्व पर स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। सीजी पीएससी 2024 में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वप्निल वर्मा ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने गायत्री परिवार के इस प्रयास को समय की आवश्यकता बताते हुए युवाओं को लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। युवा अभ्युदय कार्यक्रम में बोर्ड एवं महाविद्यालयीन परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वेदप्रकाश साहू, निरंजन साहू तथा ओमप्रकाश साहू द्वारा किया गया। इस आयोजन में सरपंच देवचरण चंद्राकर सहित ग्रामवासियों एवं गायत्री परिजनों का सराहनीय योगदान रहा।

## कोसरिया पटेल मरार समाज ने मनाई शाकम्भरी जयंती





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरी नगर द्वारा आयोजित शाकम्भरी जयंती महोत्सव 2026 का शुभारंभ 2 जनवरी को पटेल समाज के सभा भवन में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य शिविर के साथ की गई।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन समाज के वरिष्ठजन पटेल भूषण पटेल द्वारा किया गया। शिविर में आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें डॉ. अंकिता राखेचा रायपुर, डॉ. प्रीति सिन्हा, डॉ. अर्चना देवांगन नगरी, डॉ. धर्मेंद्र सिन्हा, डॉ. हर्ष जैन डेंटिस्ट सहित आयुष विभाग के डॉक्टर शामिल रहे।

शाम 6:30 बजे नगरघड़ी चौक में माता शाकम्भरी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें पटेल समाज के साथ-साथ सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा, नंदू जसवानी, अजय जैन, सर्व समाज समन्वय महासभा के जिलाध्यक्ष पदमनी चंद्राकर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, नगर अध्यक्ष भूषण पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप पटेल सहित नील पटेल, मदन पटेल, प्रकाश पटेल, मनीष पटेल, बबला पटेल, प्रहलाद पटेल, हेमशंकर पटेल, विमला पटेल, श्यामा पटेल, चंद्रकला पटेल, रोशन पटेल, राजा पटेल, पदमनी पटेल, जानकी पटेल, राजकुमारी पटेल, पप्पू पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान बनी एम्बुलेंस

# वर्ष 2025 में डायल 108 एम्बुलेंस ने 6897 मरीजों को दी आपातकालीन सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





बीते वर्ष 2025 में जिले में संचालित संजीवनी 108 एम्बुलेंस ने 6897 मरीजों को आपातकालीन सेवा देकर उन्हें उपचार के लिए समीपस्थ अस्पतालों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। वहीं इमरजेंसी सेवा के मामले में संजीवनी 108 एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है।

शासन द्वारा प्रदेश भर में लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने संजीवनी 108 एम्बुलेंस का संचालन जय अंबे इमरजेंसी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के माध्यम से किया जा रहा है। जनवरी 2025 से 28 दिसंबर 2025 तक आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। इस अवधि में 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से धमतरी जिले में कुल 6897 आपातकालीन मामलो में त्वरित सहायता प्रदान की गई। इन मामलों में दुर्घटनाएं, गर्भवती महिलाओं की इमरजेंसी सेवाएं, विषाक्तकता, आत्महत्या का प्रयास सहित अन्य गंभीर आपात स्थितियां शामिल हैं। इस तरह समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने की स्थिति में 108 एम्बुलेंस में कई सुरक्षित डिलीवरी कराई गई है। प्रशिक्षित ईएमटी व पायलट की तत्परता से जच्चा व बच्चा दोनों की जान सुरक्षित रखी गई, जो 108 सेवा की दक्षता व संवेदनशीलता को दर्शाता है।

### आपातकालीन सेवा के प्रमुख आंकड़े

108 एम्बुलेंस ने वर्ष 2025 में 5527 अज्ञात मामलों में सेवाएं दी हैं। इसी तरह वाहन दुर्घटना के 600 मामले, गर्भवतियों के 489 मामले जिसमें एम्बुलेंस में डिलीवरी शामिल हैं। जहर सेवन के 270 और आत्महत्या के प्रयास के 11 मामले हैं। डायल 108 एम्बुलेंस ने वर्ष 2025 में 28 दिसंबर तक कुल 6897 आपातकालीन मामलों में त्वरित सहायता प्रदान की है।

संजीवनी 108 के जिला प्रबंधक रितेश पाल ने बताया कि 108 एम्बुलेंस सेवा की टीम चौबीसों घंटे पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य कर रही है। आमजनता को समय पर जीवनरक्षक सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि जिला धमतरी में 108 एम्बुलेंस का कार्य निश्चित रूप से सराहनीय और जनहित में महत्वपूर्ण है। 108 एम्बुलेंस सेवा लगातार जरूरतमंदों के लिए आपात स्थिति में भरोसेमंद और जीवन रक्षक सेवा के रूप में कार्य कर रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### फटे बारदानों में नहीं आ रहा 40 किग्रा धान

खरीदी केंद्रों में भेजा गया है। इन्हीं बारदानों को किसानों को धान भरने के लिए दिया जा रहा है। इन बारदानों की साइज छोटी है, वहीं जगह-जगह फटे हुए हैं। किसानों को ही इन बारदानों की मरम्मत करनी पड़ रही है। फटे बारदानों से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि इस बार धान खरीदी काफी लेट चल रही है। मिंजाई को डेढ़ से दो माह हो चुके हैं। ऐसे में धान सूखकर हल्के हो गए हैं। बोरों की साइज छोटी होने के कारण 40 किलो धान इन बारदानों में नहीं आ रहा है। खरीदी केंद्रों में तो हमाल हाथ खड़े कर देते हैं। नए बारदानों का कांटा तो कर रहे हैं, पुराने बारदानों की तौलाई के लिए मना कर देते हैं। ऐसे में छोटे-छोटे बारदानों में 40 किलो धान भरने की जिम्मेदारी किसानों को उठानी पड़ रही है। मजबूरी में मजदूर लगाकर इन बारदानों में ठूंस - ठूंसकर धान भरवा रहे हैं। बोरों की सिलाई भी करवा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अमलीडीह में मड़ई मेला 5 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर गंवई के फूल ग्राम परसाही बोरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी बृजलाल साहू ने दी है।

### भुरसीडोंगरी में मड़ई 5 को

**नगरी।** ग्राम भुरसीडोंगरी में बीस वर्ष के बाद फिर से ग्रामवासियों के सहयोग से लोक पारंपरिक व देव मड़ई का आयोजन 5 जनवरी सोमवार को रखा गया है। रात्रि में मंनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी साल्लेटोला चारामा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लीलाम्बर नागवंशी सरपंच ने दी।

### राजपुर में मड़ई मेला कल, रात्रि में रंगझरोखा

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा मरोदा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद जुटे हैं।

### कुरुद में आज दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**कुरुद।** कुरुद में आज रविवार को विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के बैनरतले सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए घनश्याम सिंह साहू ने अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांग युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों से उपस्थित होने की अपील की है। इस अवसर पर संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित बिलासपुर, महेश साहू, डॉ. रवि पटेल तथा आशीष शर्मा रायपुर की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### भूपेश बघेल माफी मांगे नहीं तो प्रदेशभर में होगा आंदोलन : सोनी



**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के बस्तर प्रभारी हेमराज सोनी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भूपेश बघेल के बयान पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव साहू समाज के गौरव हैं, पर अनर्गल और अमर्यादित टिप्पणी कर भूपेश बघेल ने न केवल एक जनप्रिय जनप्रतिनिधि का अपमान किया है, बल्कि पूरे पिछड़े वर्ग विशेषकर साहू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। श्री सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद गांव-गांव और नगर-नगर में हो रहे विकास को कांग्रेस नेता बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी कुंठा के चलते इस तरह की घृणित मानसिकता का परिचय दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भूपेश बघेल सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा पिछड़ा मोर्चा पूरे प्रदेश में काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करेगा और पिछड़ी जाति के सम्मान की लड़ाई सड़क पर उतरकर लड़ी जाएगी।

---

नगर कीर्तन के साथ मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

# श्रद्धा, सेवा और एकता का दिया संदेश









हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिख धर्म के दसवें गुरु साहिब-ए-कमाल गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर शहर में श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के वातावरण में भव्य नगर कीर्तन (शोभायात्रा) निकाला गया। सिख समाज द्वारा आयोजित इस नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर कीर्तन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

नगर कीर्तन की शुरुआत पुराना बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारा भवन से हुई। पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, तहसील कार्यालय, शिव चौक, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा भवन पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में वाहे गुरु और बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।

नगर कीर्तन में महिलाएं, युवतियां, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। संगत द्वारा भजन-कीर्तन एवं गुरुवाणी का पाठ किया गया। फूलों से सजी पालकी, पारंपरिक बैंड और अनुशासित संगत शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण रहे। नगर कीर्तन के दौरान दुर्ग से आई गतका पार्टी द्वारा पारंपरिक सिख युद्ध कला गतका का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। गतका दल के कलाकारों ने तलवारबाजी, आत्मरक्षा एवं फुर्तीले करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर श्रद्धालु और शहरवासी मंत्रमुग्ध हो गए।

नगर कीर्तन के दौरान शहरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा लंगर, चाय-पानी एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। विभिन्न समाज के लोगों ने सेवा कार्य में भाग लेकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में रागी जत्थों द्वारा शबद-कीर्तन किया गया जिसमें गुरु गोविंद सिंह के जीवन, त्याग, साहस, धर्म रक्षा एवं मानव सेवा के संदेश को संगत तक पहुंचाया गया।

इस अवसर पर प्रधान स. जगजीवन सिंह सिद्धू, सेक्रेटरी स. जसपाल सिंह छाबड़ा, संरक्षक श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज, मीत प्रधान स. रजिंदर सिंह छाबड़ा, स. गुरप्रीत सिंह मान, स. गुरप्रीत सिंह गाले, स. मनदीप सिंह खनूजा, आमंत्रित सदस्य स. हरमिंदर सिंह छाबड़ा, स. अमरजीत सिंह खालसा, स. अंग्रेज सिंह गाले, मोहनपाल चोपड़ा, स. सविंदर सिंह जुनेजा, मीत सेक्रेटरी स. भूपेंद्र सिंह तलूजा, स. गुरमुख सिंह खनूजा, स. मलकीतसिंह गिल, स. प्रिंस सिंह छाबड़ा, खजांची स. सतपाल सिंह अजमानी, सलाहकार समिति सदस्य स. जसपाल सिंह तलूजा, स. मनजीत सिंह छाबड़ा, स. अवतार सिंह गरेवाल, स्टेज सेक्रेटरी स. सतनाम सिंह धन, अकाउंट एवं कम्प्यूटर स. बलविंदर सिंह, लंगर सेवा में स. मनदीप सिंह ढिल्लन, स. जसविंदर सिंह, स. संदीप सिंह सहित सिख समाज उपस्थित रहा।

---

# 9 पद के लिए 9 नामांकन पत्र मिले, निर्विरोध निर्वाचन तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति धमतरी के संचालक मंडल निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। निर्वाचन अधिकारी सीपी साहू ने बताया कि 2 जनवरी को संस्था कार्यालय बांसपारा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किए गए।

संचालक मंडल के कुल 9 पद के लिए 9 नामांकन पत्र ही प्राप्त हुए। प्राप्त नामांकन सूची के अनुसार सामान्य वर्ग से कृपाशंकर मिश्रा, अरुण कुमार गौर एवं चंद्र कुमार चंद्राकर, अन्य पिछड़ा वर्ग से यशकरण सिंह गजेंद्र, नंदकिशोर साहू एवं कृष्णा राम साहू, अनुसूचित जनजाति से होलाराम परिहा, महिला अनारक्षित वर्ग से अनीता घोरपड़े एवं टिकेश्वरी वर्मा द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। सभी पद के लिए बराबर संख्या में नामांकन प्राप्त होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन गई है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा इसकी विधिवत घोषणा 10 जनवरी को की जाएगी।

---

# कर्णेश्वर धाम में धूमधाम से मनी शाकंभरी जयंती



- प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, युवाओं से नशामुक्त रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

मरार पटेल समाज की कुलदेवी मां भगवती शाकंभरी देवी की जयंती इस वर्ष भी देउरपारा सिहावा स्थित कर्णेश्वर धाम में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ-हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

नगरी राज मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कर्णेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता एवं भरत निर्मलकर मुख्य अतिथि रहे। समारोह के दौरान वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य कार्यकारिणी की ओर से 300 से 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरी राज मरार समाज के अध्यक्ष वामदेव कौशल ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा एवं संस्कारों के मार्ग पर चलने की अपील की।

इस अवसर पर राजा मरार समाज के विजय कौशल, अध्यक्ष वामदेव कौशल, सचिव ललित कौशल, सहसचिव निर्मल पटेल, कोषाध्यक्ष कृपाराम, संरक्षक भागीरथी पटेल, संचालन समिति अध्यक्ष चैनसिंह कौशल, महामंत्री मदन पटेल, प्रचार सचिव केश कुमार पटेल, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हेमप्रकाश पटेल समेत बड़ी संख्या में मरार समाज के लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कौशल द्वारा दी गई।

---

# भेलवाकूदा में शाकंभरी जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

भेलवाकूदा में मां शाकंभरी जयंती में मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि सतीश जैन, श्रीमती डिगेश्वरी देवांगन, श्रीमती पूर्णिमा सरपंच श्रीमती पूर्णिमा धनकर, संतोष यादव, गुलजार साहू, ग्राम प्रमुख प्रकाश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष चंदू साहू, भेलवाकूदा पाली अध्यक्ष रमेश पटेल, हरिशचंद्र पटेल, निर्धन पटेल, झूमर पटेल, राकेश पटेल उपसरपंच, विनोद पटेल, सनत पटेल, अजय पटेल, राजाराम, ओंकार कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# किसानों ने किया अन्न दान

- बच्चों, युवाओं ने टोली बनाकर मांगा छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

छत्तीसगढ़ में पौष पूर्णिमा को छेरछेरा मनाने की परंपरा रही है। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, बोरसी, लड़ेर, मोहंदी, बेलोरा, सौनपैरी, बनियातोरा, डाभा, करेली छोटी, लुगे, परसवानी, भरदा, मेघा, अरौद, गिरौद, सौंगा, कुंडेल, खैरझिटी, मोतिमपुर आदि गांवों में छेरछेरा पर्व मनाया गया। सुबह से छोटे बच्चे, युवा समूह बनाकर किसानों के घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। युवाओं ने ढोलक बाजा के साथ छेरछेरा मांगा। छोटे बच्चों व युवाओं में छेरछेरा पर्व को लेकर काफी उत्साह था।



---

# छेरछेरा पर्व पर पारंपरिक गीत के साथ बच्चों ने मांगा दान

- ग्रामीणों ने किया बच्चों का आत्मीय स्वागत, चावल, धान सहित अन्य अन्न का किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





जिले में छेरछेरा पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और सामाजिक मूल्यों के साथ उत्साह और उल्लास से मनाया गया। फसल कटाई के बाद मनाए जाने वाले इस लोकपर्व ने गांवों में सामाजिक समरसता और दान की भावना को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

पर्व के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने समूह बनाकर हाथों में थैले लिए छेरछेरा के पारंपरिक गीत गाते हुए घर-घर जाकर अन्नदान की मांग की। बच्चों की मासूम आवाज और पारंपरिक गीतों से पूरा गांव गूंज उठा। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक बच्चों का आत्मीय स्वागत किया और चावल, धान सहित अन्य अन्न का दान दिल से दिया।

कई स्थानों पर बच्चों को गुड़, मिठाई और पारंपरिक पकवान खिलाए गए। बच्चों के साथ-साथ युवा, बुजुर्ग और वृद्धजन भी पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ टोलियों में शामिल होकर छेरछेरा पर्व मनाते नजर आए। कुछ टोलियों ने भजन-कीर्तन करते हुए गांव की गलियों में भ्रमण किया, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक और सांस्कृतिक रंग घुल गया।

बुजुर्गों के अनुसार छेरछेरा पर्व के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण के लिए आते हैं। वे यह देखते हैं कि समाज में दान और भिक्षा की परंपरा जीवित है या नहीं। मान्यता है कि यदि लोग अन्न या भिक्षा मांगना बंद कर दें, तो भगवान को यह प्रतीत होगा कि पृथ्वीवासी पूर्ण रूप से समृद्ध हो गए हैं और तब वे धन-धान्य की वर्षा नहीं करेंगे। इसी कारण भगवान विष्णु की कृपा बनाए रखने हेतु समाज के सभी वर्गों के लोग इस दिन घर-घर जाकर अन्न और दान मांगते हैं।

छेरछेरा पर्व केवल दान तक सीमित नहीं, बल्कि यह समानता, करुणा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करता है। ग्रामीण अंचल में छेरछेरा का यह स्वरूप आज भी लोक संस्कृति की जीवंत पहचान बनी हुई है।

---

# छेरछेरा के माध्यम से दानपुण्य और ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं का प्रतीक पर्व छेर-छेरा पुन्नी आज भी नगर निगम क्षेत्र के सीमावर्ती वार्डों में पूरी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहरीकरण के बीच भी लालबगीचा, हटकेश्वर और शीतलापारा वार्ड में मड़ई, दान–पुण्य तथा पारंपरिक मान्यताओं का निर्वहन पीढ़ी-दर-पीढ़ी किया जा रहा है, जो ग्रामीण संस्कृति की जीवंत मिसाल है।

इन परंपराओं को सहेजने और समाज के बीच उनके महत्व को स्थापित करने में नगर निगम लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी एवं सामान्य प्रशासन एवं विधि-विधायी विभाग की अध्यक्ष तथा लालबगीचा वार्ड की पार्षद श्रीमती हिमानी साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने छेरछेरा पुन्नी की पारंपरिक दान–पुण्य की मान्यता को आत्मसात करते हुए बच्चों, युवाओं और वार्डवासियों के साथ सहभागिता की।

इस अवसर पर विजय मोटवानी ने कहा कि दान और पुण्य भारतीय संस्कृति की मूल भावना हैं, जो समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और समरसता को मजबूत करते हैं। वहीं श्रीमती हिमानी साहू ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसे जीवंत रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। छेर-छेरा पुन्नी जैसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

---

मुजगहन स्थित राइस मिल की घटना

# नशे की हालत में गिरा चौकीदार, मौत



**धमतरी।** अत्यधिक मात्रा में शराब सेवन कर चलते समय वृद्ध चौकीदार लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गया। इस घटना में चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व परिजनों के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम सोनझरी निवासी नारायण सिंग गोंड़ पिता अंजोर सिंग उम्र 65 वर्ष ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी में स्थित श्रीजी एग्रोटेक राइस मिल में बीते 4-5 वर्ष से चौकीदारी का काम कर रहा था। शुक्रवार की रात्रि चौकीदार ने राइस मिल परिसर में स्थित अपने क्वार्टर में अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया था। नशे की हालत में वृद्ध राइस मिल परिसर में पैदल चलते हुए गेट की तरफ जा रहा था। इसी दौरान वृद्ध लड़खड़ाकर सिर के बल जमीन पर गिर गया। दोबारा खड़ा होने पर फिर गिर गया। तीसरी बाद किसी तरह खड़ा होने के बाद वृद्ध नशे की हालत में फिर से जमीन पर गिर गया। इस घटना में वृद्ध के सिर के पीछे चोट लगी थी। तीसरी बार गिरने के बाद वृद्ध नहीं उठ पाया। सिर में लगी गंभीर चोट के चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस शनिवार को घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल की मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

---

# शाकम्भरी जयंती पर निकली शोभायात्रा

- समाजजनों ने सब्जी भटा मूली, गोभी पकड़कर किया नृत्य



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में इस वर्ष भी पटेल समाज सिर्री द्वारा छेरछेरा पूर्णिमा पर मां शाकम्भरी जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम माता शाकम्भरी की पूजा-अर्चना की गई। पटेल समाज की माताओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पटेल समाज के लोग सब्जी भटा, मूली, गोभी आदि को पकड़कर नृत्य करते नजर आए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभा अजय चंद्राकर की उपस्थिति रहीं। विशिष्ट अतिथि लिली श्रीवास जनपद सदस्य, डा. लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष कुरूद, अरुण विश्वकर्मा उपसरपंच प्रतिनिधि, नरेंद्र ध्रुवंशी अध्यक्ष दर्रा सोसाइटी, सालिक राम साहू ग्राम पटेला, घनश्याम साहू, हेमंत साहू, लेखराम सिन्हा, पूर्णिमा रामस्वरूप साहू थे। विधायक प्रतिनिधि प्रतिभा अजय चंद्राकर को पटेल समाज सिर्री द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। पटेल समाज के भवन में शेड निर्माण और टाइल्स के लिए 10 लाख रुपए की मांग विधायक से की गई।

मुख्य अतिथि प्रतिभा चंद्राकर को पटेल समा द्वारा सब्जी भाजी की टोकरी सहित माता शाकम्भरी का छायाचित्र भेंट किया गया। पटेल समाज के अध्यक्ष शोभाराम पटेल ने कहा कि विधायक अजय चंद्राकर द्वारा पटेल समाज भवन आदि के लिए समाज को विशेष तौर पर हमेशा सहयोग मिलते आया है। आगे कहा कि मां शाकम्भरी पटेल समाज की ईष्ट देवी हैं। पटेल समाज आज भी अपने पारंपरिक व्यवसाय सब्जी बाड़ी की खेती करते आ रहा है। सब्जियों की खेती कर सर्व समाज को सब्जी बेचकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। मंच का संचालन उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल ने किया। इस अवसर पर शोभाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज सिर्री, सचिव संतोष पटेल, उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, कोषाध्यक्ष पुनेश्वर पटेल, उपकोषाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, बाबूलाल पटेल, मदन पटेल, रामकुमार पटेल, नारायण पटेल, सोनू पटेल, मन्नू पटेल, मिलेश्वर पटेल, फेकू पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज